an>

Title: Need to review the decision to shift the office of the Controller General of Patents, Design and Trade Marks from Mumbai to Delhi.

श्री गजानन कीर्तिकर **(मुम्बई उत्तर पश्चिम):** माननीय उपाध्यक्ष महोदय, केंद्र सरकार का जागतिक दर्जा प्राप्त महानियंत्रक पेटेंट, ट्रेडमार्क और डिजाइन, जिओग्राफिकल इंडीकेशन (Intellectual Property) कार्यालय किसी भी प्रकार का नोटीफिकेशन/पूर्व सूचना न देते हुए अचानक मुम्बई से दिल्ली लाए जाने की खबर है। सन् 1972 से पिछले 43 वर्षों से देश की आर्थिक राजधानी मुम्बई में यह कार्यालय सफलतापूर्वक कार्यरत है। विदेशी पेटेंट-ट्रेडमार्क-डिजाइन एटर्नी, विदेशी कारखानेदार, जागतिक बौद्धिक संपदा (World Intellectual Property Organization) कार्यालयों के वरिष्ठ अधिकारी, तज्ञ और अमेरिका, चीन, जापान, अफ्रीका और यूरोपीय देशों के प्रतिनिधि महत्वपूर्ण चर्चा हेतु मुम्बई में सदर कार्यालय में आकर देश के महानियंत्रक और स्थानिक विचारवंत, कायदेतज्ञ, वैज्ञानिक और व्यापारियों से मिलते और विचार-विनिमय करते थे जिससे राज्य की अर्थव्यवस्था व पर्यटन को काफी लाभ हो रहा है परन्तु अचानक सदर कार्यालय मुम्बई से दिल्ली जाने के निर्णय से महाराष्ट्र को काफी नुकसान होने वाला है। यहां के औद्योगिक, बौद्धिक, पर्यटन और सामान्य लोगों को नुकसान होने वाला है।

अतः सदन के माध्यम से मेरा केंद्र सरकार से आग्रह है कि किसी भी राज्य से जागतिक दर्जा प्राप्त महत्वपूर्ण कार्यालयों को किसी भी प्रकार की पूर्व सूचना दिए बगैर हटाना अनुचित है। इससे राज्यों की औद्योगिक, आर्थिक और सांस्कृतिक पिछेहाट होने वाली है। इससे राज्यों में आक्रोश निर्माण होगा। इस पर पुनर्विचार किया जाए।

HON. DEPUTY SPEAKER: I request hon. Members to be silent. I do not want any discussion going on because we are going to take up a serious issue now.

...(*Interruptions*)

HON. DEPUTY SPEAKER: If at all you want, please go outside and talk. I request all of you to please co-operate. We are taking up a serious matter for discussion now.

**<u>14.45 hrs.</u>**

## DEMANDS FOR GRANTS (GENERAL), 2015-16

### Ministry of Drinking Water and Sanitation